दिन– गुरूवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 12 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा– राज्य की असर्वेक्षित भूमि के सर्वे को दो साल के अंदर पूरा करने का है लक्ष्य।

02 कृषि मंत्री रामकृपाल यादव की घोषणा– राज्य की सभी ग्रामीण हाटों को बनाया जायेगा आधुनिक।

03. लोकसभा ने औद्योगिक संबंध संहिता संशोधन विधेयक, दो हजार छब्बीस पारित किया।

04. और, पटना में नीट छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सीबीआई ने जांच शुरू की।

————————————————————————

बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों विधानसभा और विधान परिषद की कार्यवाही आज सुचारू रूप से चली। बरौली विधायक मंजीत सिंह के एक प्रश्न के उत्तर में उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सरकार राज्य की असर्वेक्षित भूमि का सर्वेक्षण करायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में जमीन को विवादों से मुक्त कराया जायेगा। सर्वे को दो वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य है।

———बाइट———

एक ध्यानाकर्षण के उत्तर में ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि बिजली बिल बकाये पर ब्याज की माफी पर विचार किया जायेगा।

———बाइट———

एक सवाल के जबाव में कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने बताया कि चौथे कृषि रोड मैप के तहत प्रदेश के ग्रामीण हाट–बाजारों को विकसित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पहले चरण में नौ सौ चौंतीस ग्रामीण हाट विकसित किये जायेंगे। इसका कार्यान्वयन विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत होगा।

———बाइट———

एक प्रश्न के उत्तर में खाद्य और उपभोक्ता मामलों की मंत्री लेसी सिंह ने बताया कि बिहार सरकार ने केन्द्र से धान अधिप्राप्ति की सीमा बढ़ाने की मांग की है।

———बाइट———

राजद के सौरभ कुमार के एक प्रश्न के उत्तर में परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि सरकारी अधिकारियों द्वारा अपने निजी वाहनों पर सरकारी बोर्ड लगाने की सख्त मनाही है। उन्होंने कहा कि निजी नंबर प्लेट वाले वाहनों का व्यावसायिक उपयोग तभी किया जा सकता है जब उस वाहन का व्यावसायिक निबंधन हो।

———बाइट———

भोजनावकाश के बाद सदन में वित्तीय कामकाज हुआ। जल संसाधन विभाग के बजट अनुदान मांगे पर चर्चा का जवाब देते हुए जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि बाण सागर समझौते के तहत बिहार और झारखंड के बीच पानी के बंटवारे को लेकर समझौता हो गया है। उन्होंने कहा कि इससे दक्षिण बिहार में सिंचाई का दायरा बढ़ेगा।

———बाइट———

श्री चौधरी ने कहा कि कोसी—मेची लिंक परियोजना को केन्द्र सरकार से स्वीकृति मिल चुकी है। इस परियोजना पर छह हजार दो सौ बयासी करोड़ रुपये से अधिक की लागत आयेगी।

———बाइट———

चर्चा के बाद सदन ने जल संसाधन विभाग के सात हजार एक सौ सत्ताईस करोड़ रुपए के बजट पर सहमति प्रदान कर दी।

इधर, विधान परिषद में आज की कार्यवाही सुचारू रूप से चली। राजद के अब्दुल बारी सिद्दीकी के एक प्रश्न के उत्तर में उपमुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी

ने बताया कि वर्ष दो हजार चार की तुलना में वर्ष दो हजार चौबीस में संज्ञेय अपराध के मामलों में वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि वर्ष दो हजार चार में एक लाख पन्द्रह हजार दो सौ सोलह मामले दर्ज हुए थे जो दो हजार चौबीस में बढ़कर तीन लाख बावन हजार हो गए।

———बाइट———

भोजनावकाश के बाद दूसरी पाली में वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने परिषद में बिहार विनियोग विधेयक, दो हजार छब्बीस पेश किया, जिसे सदन ने पारित कर दिया।

———————————————————————————

लोकसभा ने आज औद्योगिक संबंध संहिता संशोधन विधेयक, 2026 पारित कर दिया। विधेयक पर चर्चा का उत्तर देते हुए श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि 17 राष्ट्रीय श्रम संगठनों ने कहा है कि श्रम संहिता श्रमिकों के हित में लागू की गई है। उन्होंने कहा कि श्रम संहिता वैधानिक समर्थन के साथ न्यूनतम मजदूरी लागू करती है और किसी भी राज्य को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से कम मजदूरी तय करने की अनुमति नहीं होगी।

———बाइट———

एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए श्री मंडाविया ने कहा कि श्रम कानून, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के शहरों में रोजगार के अवसर पैदा करने में सहायक होंगे।

———————————————————————————

सीबीआई ने पटना में नीट छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले की जांच शुरू कर दी है। राज्य सरकार के अनुरोध को केंद्र की मंजूरी के बाद सीबीआई ने इस मामले को टेकओवर किया है। जांच एजेंसी ने इसे स्पेशल केस के रूप में दर्ज किया है। गौरतलब है कि मृतक छात्रा के परिजनों ने सीबीआई जांच की मांग की थी। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केन्द्र सरकार से सीबीआई से जांच कराने का आग्रह किया था।

————————————————————————————————

बेगूसराय की एक अदालत ने तिहरे हत्याकांड के एक मामले के दोषी विकास कुमार को फांसी की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ब्रजेश कुमार सिंह ने हत्याकांड को जघन्य मानते हुए दोषी को फांसी की सजा सुनाई। यह मामला छह वर्ष पुराना है। दोषी विकास कुमार ने जिले के मचहा गांव में भूमि विवाद में अपने भाई, भाभी और भतीजी की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

————————————————————————————————

पूर्णियां सांसद पप्पू यादव को आज भी जमानत नहीं मिली। सांसद के अधिवक्ता ने बताया कि पुलिस उन्हें दो नये मामले में रिमांड पर लेने के लिए तैयारी कर रही, जिस कारण वे अभी न्यायिक हिरासत में रहेंगे। इनमें से एक मामला वर्ष दो हजार सत्रह और दूसरा वर्ष दो हजार उन्नीस का है।

————————————————————————————————

ट्रेड यूनियनों के भारत बंद का बिहार में मिला–जुला असर देखने को मिला। पटना, भागलपुर, दरभंगा, कटिहार, खगड़िया, मुंगेर, शेखपुरा, बेगूसराय, अरवल और मधेपुरा समेत कई शहरों में विभिन्न संगठनों ने प्रदर्शन किया। ट्रेड यूनियनों ने चार नई श्रम संहिताओं को रद्द करने की मांग को लेकर भारत बंद बुलाया था।

————————————————————————————————

नियमित वेतन और पेंशन की मांग को लेकर बिहार राज्य संबंद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक–शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ ने पटना में धरना प्रदर्शन किया। महासंघ के अध्यक्ष डॉक्टर शंभू प्रसाद सिन्हा ने कहा कि सरकार को उनकी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए।

————————————————————————————————

सुपौल जिले के किशनपुर थाना क्षेत्र के नेमनवा चौक के पास दो मोटरसाइकिल के बीच हुई आमने–सामने की टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई। वहीं, पूर्णियां जिले के मरंगा थाना क्षेत्र में एक ट्रक और कार के बीच हुई टक्कर में एक युवक की मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

———————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के रामगढ़वा थाना क्षेत्र से पुलिस ने चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से कम्प्यूटर, मोबाईल फोन, एटीएम कार्ड समेत कई अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किए गए हैं।

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के चनपटिया रेलवे स्टेशन के पास से पुलिस ने मादक पदार्थ चरस के साथ एक महिला समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो किलो दो सौ चौंसठ ग्राम चरस बरामद की गई है।

———————————————————————————

गयाजी के डोभी चेक पोस्ट पर उत्पाद विभाग की टीम ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को भारी मात्रा में शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

कटिहार की एक अदालत ने हत्या के एक मामले में दोषी भोटी मंडल को आजीवन कारावास और दस हजार रुपये की अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————————

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में चौदह फरवरी से दो दिवसीय राज्य स्तरीय दिव्यांग खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में सभी प्रमंडलों के खिलाड़ी शामिल होंगे।

———————————————————————————————————

औरंगाबाद जिले के नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना में स्टेज टू के तहत आठ–आठ सौ मेगावाट की तीन इकाइयों के निर्माण कार्य में तेजी आई है। इस सिलसिले में आज स्टेज टू की पहली इकाई के बॉयलर का पहला कॉलम सफलतापूर्वक स्थापित किया गया ।

———————————————————————————————————

01. उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा– राज्य की असर्वेक्षित भूमि के सर्वे को दो साल के अंदर पूरा करने का है लक्ष्य।

02 कृषि मंत्री रामकृपाल यादव की घोषणा– राज्य की सभी ग्रामीण हाटों को बनाया जायेगा आधुनिक।

03. लोकसभा ने औद्योगिक संबंध संहिता संशोधन विधेयक, दो हजार छब्बीस पारित किया।

04. और, पटना में नीट छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सीबीआई ने जांच शुरू की।

———————————————————————————————————

**समाप्त**